गुरुपूर्णिमा माह के सम्मान में सिद्धयोग सत्संग

सिद्धयोग वैश्विक हॉल में सीधा वीडिओ प्रसारण

शनिवार, १५ जुलाई, २०२३

४ जुलाई, २०२३

आत्मीय पाठक,

शुभ गुरुपूर्णिमा माह!

सिद्धयोग पथ पर, हर माह हमारे पास ऐसे प्रचुर सुअवसर होते हैं जब हम साधना में अपने प्रयत्नों को दृढ़ करें—जब हम उन अभ्यासों के प्रति पुनः वचनबद्ध हो जाएँ जो हमें अपनी अन्तर-सत्ता के केन्द्र तक ले जाते हैं और अपने अन्तर में निहित दिव्यता के प्रति हममें आत्मविश्वास जगाते हैं। अब, जब हमने जुलाई माह में प्रवेश किया है तो आनन्द की लहरों ने हमें गुरुपूर्णिमा के वैभवशाली पूर्ण चन्द्र की ओर आकृष्ट कर लिया है—उस पूर्ण चन्द्र की ओर जो श्रीगुरु के पूजन-वन्दन के प्रति समर्पित है।

चूँकि गुरुपूर्णिमा का पर्व चन्द्र-तिथि के अनुसार होता है, हर वर्ष इसकी तारीख़ भिन्न होती है। इस वर्ष गुरुपूर्णिमा ३ जुलाई को थी। सिद्धयोग पथ पर अपनी परम्परा को जारी रखते हुए, हम एकाग्रता के साथ गुरु-उपासना करते रहेंगे, श्रीगुरु को कृतज्ञतापूर्वक भेंट अर्पित करते रहेंगे और पूरे माह इस पावन महोत्सव को मनाते रहेंगे।

हम सत्संग में भाग लेकर सिद्धयोग पथ के महोत्सवों को मनाते हैं। सिद्धयोग सत्संग अनमोल है। इसी भाव के साथ, मैं आपको गुरुपूर्णिमा माह के सम्मान में आयोजित सिद्धयोग सत्संग में भाग लेने के लिए आमन्त्रित करती हूँ। यह सत्संग शनिवार, १५ जुलाई को न्यूयॉर्क समयानुसार प्रातः १०:०० बजे से १२:०० बजे तक सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा आयोजित होगा।

इसके अतिरिक्त, १४ जुलाई को हम एक और महोत्सव मनाएँगे : भगवान नित्यानन्द की चान्द्र पुण्यतिथि। अतः, पूरे जुलाई माह में, सिद्धयोग के अभ्यासों में रत रहकर इन मंगलमय पर्वों का सम्मान करते हुए हमें अपने श्रीगुरुओं से असीम कृपा प्राप्त हो रही है।

आदर सहित,

मीरा लॉबा-ज़पीरो
गुरुपूर्णिमा माह के सम्मान में आयोजित सत्संग की निर्देशक

© २०२३ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।